# असम के चुनावों का लखनऊ की सफाई पर पड़ा सीधा असर, हजारों की संख्या में सफाईकर्मी वोटिंग के लिए रवाना



**लखनऊ, एजेंसी।** इन दिनों शहर में बहुत सारे घरों-मोहल्लों से कूड़ा नहीं उठ रहा है। वजह ये है कि कूड़े का उठान करने वाली रामकी कंपनी (लखनऊ स्वच्छता अभियान) और लायंस एनवायरो के करीब 200 कर्मचारी असम विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए परिवार के साथ घर लौट गए हैं।इससे उन इलाकों में भी कूड़ा उठान पर असर पड़ा है जहां पर असम मूल के करीब 200 लोग निजी तौर पर घर-घर से कूड़ा उठाने का काम करते हुए आजीविका चलाते हैं। असम विधानसभा चुनाव के लिए आठ अप्रैल को मतदान होना है। माना जा रहा है कि मतदान के बाद सभी कर्मचारियों को वापस लौटने में 12 अप्रैल तक का समय लग सकता है। तब तक 50 हजार घरों के लिए कूड़ा उठान की समस्या बनी रहेगी।

**वैकल्पिक कर्मचारियों से भी राहत नहीं:** शहर के 77 वार्डों में रामकी कंपनी कूड़ा एकत्र करने काम करती है। इस कंपनी के करीब 600 कर्मचारी घरों से कूड़ा कलेक्शन का काम करते हैं। इनमें से करीब 150 कर्मचारी चुनाव में वोट डालने के लिए असम अपने घर चले गए हैं। कंपनी ने वैकल्पिक कर्मचारी लगाए हैं मगर लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। वजह ये है कि वैकल्पिक कर्मचारियों को सभी घरों के बारे पूरी जानकारी नहीं है। ऐसे में बहुत से ऐसे घर, मोहल्ले और अपार्टमेंट हैं जहां कूड़ा कलेक्शन के लिए कर्मचारी के न पहुंचने की शिकायतें हैं।

**पूरा परिवार ही गया है घर:** शहर के 33 वार्डों में लायंस एनवायरो कंपनी कूड़ा कलेक्शन का काम करती है। इस कंपनी के करीब 50 कर्मचारी असम अपने घर गए हैं। खास ये है कि कर्मचारी अकेले नहीं गए बल्कि पूरे परिवार को साथ लेकर गए हैं। इन कर्मचारियों के परिवार में अन्य सदस्य जैसे पत्नी, भाई आदि भी निजी तौर पर अलग-अलग इलाकों में घरों से कूड़ा उठाने का काम करते हैं। लायंस एनवायरो का भी दावा है कि उसने वैकल्पिक कर्मचारियों की तैनाती की है लेकिन यहां भी व्यवस्था पूरी तरह से सामान्य नहीं है।

**सड़कों पर भी दिखने लगे हैं कूड़े के ढेर:** दोनों कंपनियों के कर्मचारियों और निजी कूड़ा एकत्र करने वालों को मिलाकर देखें तो शहर में करीब 50 हजार घरों से कूड़ा कलेक्शन प्रभावित है। इससे प्रभावित मोहल्लों और कॉलोनियों में भी सड़कों पर कूड़ा नजर आने लगा है।

**पांच दिन से नहीं उठा घरों से कूड़ा:** चौक के दिलाराम बारादरी मोहल्ले में रहने वाली पूनम ने बताया कि पांच दिन से कूड़ा लेने वाले नहीं आ रहे हैं। घरों में कूड़ा बढ़ता जा रहा है। बदबू फैल रही है। घर के आसपास कोई ऐसी जगह भी नहीं जा कूड़ा फेंका जा सके। इससे बहुत दिक्कत हो रही है। इसी इलाके में रहने वाली ममता ने बताया कि कई दिनों से कूड़ा लेने वाली गाड़ी नहीं आई है। घर में कूड़ा सड़कर बदबू दे रहा है। कोई सूचना भी नहीं है कि कब तक गाड़ी नहीं आएगी।

**कंपनी का दावा...अलग से लगाए हैं कर्मचारी:** रामकी कंपनी के परियोजना प्रमुख अभय रंजन का कहना है कि कुछ कर्मचारी बाराबंकी व आसपास से बुलाए गए हैं। वह नए हैं इससे कुछ जगह समस्या आ रही होगी मगर जहां से शिकायत आती है उसे तुरंत दूर कराया जाता है। लायंस एनवायरो के मुखिया रणधीर सिंह ने कहा कि वैकल्पिक कर्मचारी लगाए गए हैं। कहीं से समस्या की कोई शिकायत नहीं है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार:** यदि कहीं पर कूड़ा कलेक्शन की समस्या आ रही है तो उसे दूर कराया जाएगा। कंपनियों को वैकल्पिक इंतजाम करना होगा। इस बारे में कंपनियों से भी बात की जाएगी कि अपने स्तर से निगरानी रखते हुए व्यवस्था में सुधार करें।-गौरव कुमार, नगर आयुक्त

# स्मार्ट मीटर की सुस्त तकनीक, बिल जमा करने के बाद भी घंटों नहीं शुरू हो रही आपूर्ति



**लखनऊ , एजेंसी।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था में तकनीकी खामियों और सर्वर लोड के कारण उपभोक्ताओं को बिल भुगतान के बाद भी बिजली आपूर्ति में देरी झेलनी पड़ रही है। जागरूकता की कमी और सिस्टम फेल होने से समस्या बढ़ी है, जिससे उपभोक्ता और कर्मचारी दोनों परेशान हैं।शिव प्रकाश और अजयवीर तो उदाहरण हैं। यह हाल पूरे प्रदेश का है। प्रदेश में 13 मार्च से शुरू नई व्यवस्था लागू हुई है। 78 लाख उपभोक्ताओं में 70.50 लाख के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा है। यह आटोमैटिक मोड में हैं। बैलेंस निगेटिव होते ही आपूर्ति बंद हो जाती है। बिल जमा होने पर दो घंटे के अंदर आपूर्ति चालू होने का दावा है, जबकि हकीकत एकदम अलग है। बिजली जमा करने के बाद भी उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। वे बिजली कार्यालयों पर हंगामा कर रहे हैं। निगमों के अवर अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता तक परेशान हैं। उनका दर्द निगमों के आंतरिक ह्वाट्सअप ग्रुप में भी दिख रहा है। अभियंता उपभोक्ताओं की रसीदें ग्रुप में डालते हैं और हालात बताते हैं। वे आपूर्ति शुरू कराने की गुहार लगाते हैं। क्योंकि कनेक्शन जोड़ना उनके हाथ में नहीं है। यह आटोमैटिक है। मैनुअल कार्य प्रदेशभर में बने 10 मीटर डाटा मैनेजमेंट सेंटर से होता है। अभियंता ग्रूप के जरिए इस सेंटर से गुहार लगाते हैं।

**तकनीकी समस्या से बढ़ी मुसीबत:** ऊर्जा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि परेशानी की वजह तकनीक भी है। सर्वर पर लोड अधिक है। उपभोक्ताओं तक बैलेंस का मैसेज पहुंचता नहीं है अथवा वे देखते नही हैं। कनेक्शन कटते पर सचेत होते हैं। कनेक्शन जोड़ने का दबाव बढ़ता है तो टेक्निकल फॉल्ट होता है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा भी कुछ ऐसा ही तर्क देते हैं। वे बताते हैं कि मीटर डाटा मैनेजमेंट (एमडीएम) का सर्वर लोड नहीं ले रहा है। स्मार्ट प्रीपेट मीटर के हार्डवेयर में चाइनीज उपकरण लगाए गए हैं।इसी तरह की अन्य तकनीकी खामियां हैं। लोड बढ़ते ही सिस्टम हैंग कर जाता है। ऐसे में तमाम उपभोक्ताओं का रीकनेक्शन (दोबारा जोड़ने की प्रक्रिया) नहीं हो पाती। यही वजह है कि उपभोक्ताओं और अभियंताओं को कनेक्शन जुड़वाने के लिए लगानी पड़ रही है। निदेशक (वाणिज्य) पावर कार्पोरेशन प्रशांत वर्मा ने बताया कि तकनीकी कारणों से दो चार केस में देरी हो सकती है। 1912 पर शिकायत करें।

# गंगा मैया मुझे ले जाओ, बच्चे लौटा दो, 100 साल की दादी की अंतिम विदाई बनी पोतों का अंतिम सफर



**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के इंचौली थाना इलाके के जलालपुर गांव के एक ही परिवार के तीन किशोर और एक युवक गंगा नदी में डूब गए। चारों युवक चचेरे भाई हैं। एक अन्य युवक को डूबने से बचा लिया गया। देर रात तक चले सर्च ऑपरेशन में चारों का सुराग नहीं लग सका। घटना शुक्रवार को दोपहर में करीब 3−30 बजे हस्तिनापुर के मखदूमपुर गंगा घाट पर हुई।पुलिस ने बताया कि डूबने वाले तीन किशोर और युवक 100 वर्षीय दादी भगवती देवी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। अंतिम संस्कार के बाद चारों एक अन्य परिजन प्रदीप के साथ गंगा नदी में स्नान करने लगे। नहाते समय सभी गहरे पानी में चले गए।

स्थानीय लोगों ने प्रदीप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन चारों भाई लहरों में ओझल हो गए। डूबने वालों में जलालपुर गांव के किसान कमल सिंह सैनी के दो बेटे एलएलबी का छात्र अभिषेक (21) व दसवीं का छात्र हिमांशु (17) और उनके छोटे भाई सोनू के दो बेटे 12वीं का छात्र दीपांशु (17) व दसवीं का छात्र प्रियांशु (15) हैं। मवाना सीओ पंकज लवानिया पुलिस बल और पीएसी के गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे।

चारों की मां का रो-रोकर बुरा हालमखदूमपुर घाट पर चार भाइयों के गंगा में डूबने के हादसे के बाद से जलालपुर गांव का हर घर शोक में डूबा है, हर आंख से बस आंसू बह रहे हैं। सैनी परिवार के चार चचेरे भाइयों के एक साथ गंगा में डूबने की खबर ने दो सगे भाइयों के हंसते-खेलते संसार को उजाड़ कर रख दिया है। चारों भाइयों की माताओं का रो-रोकर बुरा हाल है।

**मातम में डूबा गांव, मां बोली- गंगा मैया मुझे ले जाओ... बच्चे लौटा दो :** भिषेक और हिमांशु की मां बिजेंद्री बेटों के कपड़ों को सीने से लगाकर बार-बार बेसुध हो रही हैं। सोनू की पत्नी मुनेश का विलाप सुनकर ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गई। मुनेश बार-बार एक ही गुहार लगा रही थीं गंगा मैया मुझे ले जाओ, मेरे बच्चों को लौटा दो।

# चैनल हैक कर विदेशी यूट्यूबरों को महंगे दाम में बेचता था जालसाज, वाराणसी का आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी, एजेंसी।** यूट्यूब चैनल हैक करने वाले आरोपी सचिन राजभर को साइबर क्राइम सेल और फूलपुर पुलिस ने शुक्रवार रात पिंडरा से गिरफ्तार किया। मिलियन सब्सक्राइबर वाले चैनलों को टारगेट और हैक करने के बाद विदेशी यूट्यूबरों को महंगे दामों में बेचता था। गिरफ्तार आरोपी फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा रूप चंदपुर पारागडीह का निवासी है।एसीपी साइबर अपराध विदुष सक्सेना ने बताया कि सूचना पर टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में चिन ने बताया कि इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप से यूट्यूब चैनल खरीदने का झांसा देकर पीड़ितों से उनके चैनल, जीमेल के लॉगिन क्रेडेंशियल्स लेता था। फिर दुरुपयोग कर चैनल हैक कर लेता था। साइबर सेल प्रतिबिंब टीम के प्रभारी हिमांशु त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट समेत अन्य आरोपों में बिहार और पंजाब में तीन प्राथमिकी दर्ज हैं।

साइबर सेल प्रभारी मनोज तिवारी ने बताया कि आरोपी का अन्य आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। फूलपुर पुलिस ने आरोपी का चालान किया है।

**किसी को भी न बताएं अपना लॉगिन, पासवर्ड:** एसीपी विदुष सक्सेना ने अपील की कि किसी भी ऑनलाइन नौकरी, निवेश, लॉटरी और प्रलोभन संबंधी प्रस्तावों पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता जांच लें।

# शिक्षा सिर्फ डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

**वाराणसी, एजेंसी।** शिक्षा सिर्फ डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं है, मनुष्य को मनुष्य बनाने का सशक्त माध्यम है। इस माध्यम को सफल बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर है, वे यदि परिश्रम करें अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तो सफलता निश्चित मिलेगा। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश में सभी शिक्षकों ने मेहनत किया और ऑपरेशन कायाकल्प को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हर घर से सभी बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने का काम किया। ये बातें शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में आयोजित स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कही।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को काशी पहुंचे। शनिवार की सुबह शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय पहुंचे। यहां से पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने जिले के पांच निपुण विद्यालय, पांच निपुण बच्चे व पांच नव प्रवेशी बच्चों को सम्मानित किया। परिसर में शिक्षा से जुड़े 12 स्टॉल लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री इन स्टॉलों का अवलोकन भी किए। शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में अतिथियों का स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का भाषण व सम्मान कार्यक्रम से किया गया। सुबह 11:30 बजे तक कार्यक्रम का समापन होगा।

**बेसिक शिक्षा मंत्री समेत कई अधिकारियों ने लिया हिस्सा:** कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे। इनके साथ बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, डीजी मोनिका रानी, संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# यूपी में ओवरलोडिंग कर रहे 1600 वाहनों में 900 के टोल फर्जी नंबरों पर कटे, सूची देख चौकें अफसर




**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के टोल प्लाजाओं पर ओवरलोड वाहनों के फर्जी नंबरों से टोल काटने का बड़ा घोटाला सामने आया है। कई नंबर अस्तित्वहीन पाए गए। जांच में टोलकर्मियों की मिलीभगत और मैनुअल भुगतान के जरिए फर्जीवाड़ा उजागर हुआ।

इटौंजा टोल प्लाजा पर एक महीने के अंदर 1600 ओवरलोडेड वाहन गुजरे। इसमें 900 के टोल फर्जी नंबरों से काटे गए। चौकिए मत। ऐसे-ऐसे फर्जी नंबरों से टोल काटे गए हैं, जिनका कहीं कोई अस्तित्व नहीं है। अफसरों को उन फर्जी नंबरों को ट्रैक करने में पसीने छूट गए। लेकिन उनका कहीं ओर-छोर नहीं मिला। न चेचिस, न ही नंबरों से वाहनों का विवरण मिला।

यह किसी एक टोल प्लाजा का मामला नहीं है। लखनऊ के सभी टोल प्लाजाओं पर ऐसी स्थिति है। फर्जी नंबरों पर ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के टोल काटे जा रहे हैं। दरअसल, ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से निर्देशित किया गया।इसमें परिवहन सहित एचएचएआई, ट्रैफिक व अन्य विभागों को सख्ती बरतने को कहा गया। इसके बाद नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एनएचएआई की ओर से टोल से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों का ब्योरा परिवहन विभाग को सौंपा गया।जब अधिकारियों ने सूची की पड़ताल की तो इसमें यह फर्जीवाड़ा सामने आया। इटौंजा टोल प्लाजा से जनवरी माह में 1600 ओवरलोड वाहन गुजरे। इनकी पड़ताल की जिम्मेदारी परिवहन विभाग के चार अफसरों को दी गई। जब अफसरों ने सूची जांची तो उनके होश उड़ गए।ऐसे-ऐसे नंबरों से ओवरलोड वाहनों के टोल काटे गए थे, जिनका कहीं कोई अस्तित्व ही नहीं है। सूत्र बताते हैं कि 1600 वाहनों में करीब 900 के नंबर फर्जी पाए गए हैं। वहीं फरवरी माह में एनएचएआई की ओर से दी गई सूची के वाहनों में अभी तक 200 वाहन फर्जी पाए गए हैं।

**फर्जी नंबर से कटा टोल, एफआईआर दर्ज:** एआरटीओ(प्रवर्तन) आलोक कुमार यादव की टीम कानपुर रोड पर दरोगाखेड़ा में ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच कानपुर से लखनऊ आ रहे ओवरलोडेड ट्रक यूपी 32 जेडएन 8925 की जांच की। उन्होंने बताया कि चालक लहरपुर(सीतापुर) निवासी मनीष से जब टोल की पर्ची मांगी गई तो उसने रसीद संख्या 1553972 थमाई।यह तीन अप्रैल की सुबह साढ़े चार बजे की पर्ची थी। वाहन संख्या जांचने पर एआरटीओ का माथा ठनक गया। उन्होंने देखा कि पर्ची पर वाहन संख्या(एमए 34 एस 9455) दर्ज था। इस नंबर से जब वाहन का विवरण जांचा गया तो ऑनलाइन कोई डिटेल ही नहीं उपलब्ध थी।

# मेरठ शराब कांड पर सवाल, अलीगढ़ जैसी घटना के बाद भी नहीं चेता तंत्र, निगरानी और कार्रवाई पर घिरा प्रशासन



**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ के दौराला क्षेत्र में मिलावटी शराब से तीन लोगों की मौत के आरोप ने एक बार फिर पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब 2021 में अलीगढ़ के लोधा क्षेत्र में जहरीली शराब से कई लोगों की मौत के बाद पूरे प्रदेश में सख्ती के निर्देश दिए गए थे। अलीगढ़ कांड के बाद प्रदेश सरकार ने प्रशासन को पूरी तरह सतर्क रहने और मिलावटी शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। शुरुआती दिनों में पुलिस और आबकारी विभाग ने अभियान भी चलाया, लेकिन समय बीतने के साथ कार्रवाई की रफ्तार धीमी पड़ती चली गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दौराला और आसपास के क्षेत्रों में शराब की बिक्री और गुणवत्ता की निगरानी को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई। शराब के ठेकों पर स्टॉक की जांच और गुणवत्ता की पड़ताल नियमित रूप से नहीं हो रही थी। हाल ही में मोदीपुरम स्थित मिलांज मॉल के शराब ठेके पर एक्सपायर बीयर मिलने का मामला भी सामने आया था, जिसके बाद शिकायत पर छापेमारी की गई थी। इसी तरह लावड़ क्षेत्र में भी पहले एक शराब ठेके के सेल्समैन को संदिग्ध ढक्कनों के साथ पकड़ा गया था। उस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वही व्यक्ति फिर से ठेके पर काम कर रहा है। पुलिस और आबकारी विभाग की कथित निष्क्रियता के कारण अवैध शराब का कारोबार क्षेत्र में फल-फूल रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि लावड़ रोड के आझौता, समौली, खेड़ी और मवी जैसे गांवों में पहले भी कच्ची शराब को लेकर कई बार छापेमारी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद यह धंधा गुपचुप तरीके से जारी है। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।दौराला की ताजा घटना के बाद एक बार फिर यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक लापरवाही और अवैध शराब का कारोबार लोगों की जान लेता रहेगा।

# एआई से जीएसटी चोरी पर वार, यूपी में फर्जी कारोबार और फर्मों की धर-पकड़ कर रहा 'बाइफा'



**लखनऊ, एजेंसी।** जीएसटी विभाग फर्जी फर्मों और टैक्स चोरी पकड़ने के लिए एआई और डेटा एनालिटिक्स आधारित सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा है। यह संदिग्ध लेनदेन और नकली बिलिंग को चिन्हित करता है। सख्ती के बावजूद जालसाज ई-वे बिल के जरिए धोखाधड़ी कर रहे हैं, जिससे राजस्व को नुकसान हो रहा है।उत्तर प्रदेश में फर्जी फर्में बनाकर टैक्स चोरी करने वालों को पकड़ने के लिए राज्य का जीएसटी विभाग अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का सहारा ले रहा है। इसमें मुख्य रूप से बाईफा (बिजनेस इंटेलीजेंस एंड फ्राड एनालिटिक्स) सॉफ्टवेयर की भूमिका सबसे अहम है।बाइफा विभाग का सबसे शक्तिशाली डिजिटल हथियार है जो भारी मात्रा में डेटा का विश्लेषण कर संदिग्ध गतिविधियों को रेड फ्लैग यानी चिह्नित कर देता है। यह टूल ट्रैक करता है कि क्या बिल केवल कागजों पर एक ही ग्रुप की कंपनियों के बीच घूम रहे हैं।राज्य कर विभाग में जांच से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाइफा विभाग का सबसे शक्तिशाली डिजिटल हथियार है। यह सॉफ्टवेयर भारी मात्रा में डेटा का विश्लेषण कर संदिग्ध गतिविधियों को रेड फ्लैग यानी चिह्नित कर देता है। यह टूल ट्रैक करता है कि क्या बिल केवल कागजों पर एक ही ग्रुप की कंपनियों के बीच घूम रहे हैं।

**यह सिस्टम तुरंत अधिकारियों को अलर्ट भेज देता:** यदि एक ही मोबाइल नंबर या पैन से कई फर्में रजिस्टर्ड हैं, तो यह सिस्टम तुरंत अधिकारियों को अलर्ट भेज देता है। यूपी का जीएसटी सिस्टम अब नेशनल हाईवे अथॉरिटी के टोल प्लाजा से रीयल-टाइम डेटा के साथ एकीकृत है। अगर किसी व्यापारी ने ई-वे बिल तो बनाया है, लेकिन वह ट्रक किसी टोल प्लाजा से नहीं गुजरा, तो सिस्टम समझ जाता है कि केवल कागजी सप्लाई हुई है।

उन्होंने बताया कि विभाग एआई का उपयोग करके करदाताओं के व्यवहार का विश्लेषण कर रहा है। यदि किसी नई फर्म का टर्नओवर बिना किसी ठोस आधार के अचानक करोड़ों में पहुंच जाता है, तो एआई टूल्स इसे संदिग्ध मानकर जांच के लिए भेज देते हैं।

# गुजरात में टाइल्स फैक्ट्रियां बंद, 25 दिन से शहर नहीं आया माल

## 15 करोड़ का डेली बिजनेस प्रभावित



**कानपुर , एजेंसी।** गुजरात स्थित मोरबी की टाइल्स फैक्ट्रियां बंद होने से शहर का मारबल और टाइल उद्योग संकट का सामना कर रहा है। 25 दिन से मोरबी से टाइल्स की एक भी गाड़ी कानपुर नहीं आई है। इससे टाइल्स के दाम बढ़ गए हैं। भाव बढ़ने से ग्राहक भी बाजार में नहीं हैं। इसके चलते कारोबार से जुड़े दैनिक कर्मियों के सामने रोजी-रोटी का संकट हो गया है।शहर के किदवईनगर में टाइल्स और मारबल का बड़ा कारोबार होता है। यहां पर करीब 100 से ज्यादा दुकानें और शोरूम हैं। इसके अलावा शहर के अलग-अलग हिस्सों में भी 150 से ज्यादा दुकानें हैं। 10-15 करोड़ का प्रतिदिन का कारोबार होता रहा है। शहर के अलावा आसपास के जिलों को भी टाइल्स आदि की आपूर्ति की जाती है। अब आपूर्ति प्रभावित होने से संकट खड़ा हो गया है।

# बड़ा बदलाव, पहले साल से इलेक्टिव कोर्स; एआई-डेटा साइंस की भी पढ़ाई अनिवार्य



**लखनऊ, एजेंसी।** एकेटीयू नए सत्र से एनईपी लागू कर पहले वर्ष से इलेक्टिव कोर्स शुरू करेगा। छात्र अन्य विषयों का ज्ञान भी प्राप्त करेंगे। एआई, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस को प्रैक्टिकल रूप में शामिल किया गया है, जिससे छात्रों को व्यावहारिक कौशल, प्रोजेक्ट अनुभव और उद्योग से जुड़ने के अवसर मिलेंगे।डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) नए सत्र से एनईपी को पूरी तरह से लागू करने में जुट गया है। इसके तहत पहले साल से ही छात्रों को इलेक्टिव कोर्स लेने (पढ़ने) का विकल्प मिलेगा। वो दूसरे विषय से संबंधित जानकारी भी ले सकेंगे। वहीं अलग-अलग ब्रांच का सिलेबस भी अपडेट किया गया है। इसमें आज की जरूरत के अनुरूप एआई, मशीन लर्निंग, डाटा साइंस आदि को प्रैक्टिकल रूप में शामिल किया गया है।विश्वविद्यालय न केवल सैद्धांतिक ज्ञान देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, बल्कि नए इलेक्टिव कोर्स के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक कौशल से भी युक्त करने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे उभरते क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा। एकेटीयू के डीन यूजी प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि हम चार क्रेडिट के कोर्स में 60 घंटे पढ़ाई कराएंगे। इसमें छात्र तीन थ्योरी और एक इलेक्टिव कोर्स ले सकेंगे।इसी तरह 30 घंटे का प्रैक्टिकल एक क्रेडिट का होगा। इतना ही नहीं हमने कोर्स को इस बार ऐसे डिजाइन किया है कि इलेक्ट्रिकल में अलग, मैकेनिकल में अलग गणित पढ़ाई जाएगी। जिसको जैसी जरूरत होगी, वैसा प्लान बनाया गया है। इमर्जिंग तकनीकी एआई, डेटा साइंस आदि को अनिवार्य किया गया है।

**मानव मूल्यों व सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई भी:** प्रदेश के इंजीनियरिंग संस्थानों के छात्र अब सिर्फ गणित व विज्ञान की तकनीकी जानकारी ही नहीं लेंगे। बल्कि एआईसीटीई के बदले हुए नियमों के तहत वे मानव मूल्यों, सामाजिक विज्ञान आदि की पढ़ाई भी करेंगे। इसके तहत एक्स्ट्रा कॅरिकुलर एक्टिविटी में 100 प्वाइंट तय किए गए हैं। छात्रों को एक साल में 25 प्वाइंट अर्जित करने होंगे। विश्वविद्यालय की ओर से नए सत्र के लिए तैयार किए गए पाठ्यक्रम में इसे शामिल किया गया है।

**व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए करेंगे काम:** एकेटीयू इन इलेक्टिव कोर्स के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव देगा। छात्रों को विभिन्न इलेक्टिव कोर्स में प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा का अनुभव देगा। उन्हें वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए अपने प्राप्त ज्ञान का प्रयोग करते हुए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे।द्यविवि विभिन्न उद्योगों और प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ साझेदारी करेगा।

